शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पयर्टन मेला-2009

झुंझुनू, 17 जनवरी: सात दिवसीय शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का आगाज शनिवार को आबूसर स्थित ग्रामीण हाट परिसर में हुआ। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गौतम मुखर्जी ने मुख्य द्वार पर रिबन के रूप में लगाई गई राजस्थानी चूनड़ी की गांठ खोलकर मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर डॉ. मुखर्जी, ए.डी.एम. राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, एस.डी.एम. नरेन्द्र कुमार कोठारी व अन्य अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों ने गणपति पूजन किया। स्काउट-गाइड व जी.बी. मोदी स्कूल के दल के बैण्डवादन से भी अतिथियों की अगवानी की गई। समारोह की शुरूआत में अतिथियों ने सफेद कबूतर और थ्री डोड्स चिल्ड्रन एकेडमी के बच्चों द्वारा लाये गये रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक एवं मेला संयोजक मनीराम ने स्वागत भाषण दिया तथा मेले की रूप रेखा पर प्रकाश डाला जबकि खादी ग्रामोद्योग के सहायक निदेशक विद्याधर सिंह झाझडिया ने आभार ज्ञापित किया। अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मंच पर सी.ई.ओ. डॉ. गौतम मुखर्जी, ए.डी.एम. राजेन्द्र मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित माहेश्वरी, एस.डी.एम. नरेन्द्र कोठारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद, आबूसर की सरपंच श्रीमती रजनी झाझड़िया, समाजसेवी ओमप्रकाश आबूसरिया, पिलानी उद्योग संघ के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार झाझड़िया तथा चिड़ावा उद्योग संघ के अध्यक्ष धर्मपाल जानू आसीन थे।

मर्दों ने मूंछ दिखाई, बच्चों ने गुब्बारे फोड़े और युवकों ने हरदड़ा खेला 19 जनवरी: पर्यटन मेले में तीसरे दिन सोमवार को ग्रामीण खेल व लोक रुचि की स्पर्धाओं ने अच्छा रंग जमाया। इस अवसर पर हुई मूंछ प्रतियोगिता में मर्दों ने अपनी मूंछो पर ताव लगाये तो गुब्बारा फोड़ स्पर्धा में बच्चों और महिलाओं ने उत्साह दिखाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस उपाधीक्षक अर्जुन सिंह ने किया। **संगोष्ठी का आयोजन:** मेला स्थल पर सोमवार को ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बैंक ऑफ बड़ौदा के अग्रणी जिला प्रबन्धक एल.सी.यादव ने की जबकि राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय विकास प्रबन्धक एस.के. शर्मा मुख्य अतिथि थे।

हरियाणवी लोक संस्कृति का नजारा: मेला स्थल पर रविवार की शाम झुंझुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति तथा नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में फौजी कर्मवीर एवं मंजू एण्ड पार्टी ने हरियाणवी

लोक संस्कृति के दिलकश गीतों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। पर्यावरण समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। अतिथियों के रूप में कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ. हनुमान प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक अर्जुन सिंह, सी.ओ. स्काउट मान महेन्द्र सिंह भाटी आदि उपस्थित थे।

शेखावाटी मेले में ग्रामीण खेल व सब्जी प्रतियोगिताएं सम्पन्न-20 जनवरी: पर्यटन मेले में चौथे दिन मंगलवार को ग्रामीण खेलों के अन्तर्गत पुरूषों की कबड्डी तथा महिला वर्ग की रस्सा-कस्सी व म्यूजिकल चेयर स्पर्धा का आयोजन हुआ। मेला स्थल पर कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा मंगलवार को ही आयोजित सब्जी प्रतियोगिता में 9 उत्पादों की स्पर्धा हुई।

हास्य कवि सम्मेलन ने गुद गुदाया: मेला स्थल पर सोमवार की शाम राजस्थानी सेवा संघ मुम्बई द्वारा जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाल विश्वविद्यालय -चुड़ेला के सौजन्य से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। **विस्तृत समाचार इसी अंक में अलग से देखे।**

शेखावाटी मेले में तीन टांग व मटका दौड़ स्पर्धाएं हुई 21जनवरी: मेले में पांचवें दिन बुधवार को सम्पन्न पुरूषों की तीन टांग की दौड़ में आबूसर के सन्दीप और शंकर लाल ने प्रथम तथा सीतसर के पंकज व अणगासर के अनिल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिलाओं की मटका दौड़ में वारिसपुरा की सुभीता देवी पहले स्थान पर रहीं जबकि भूरासर की सरबती देवी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

गीतों भरी शाम ने अच्छा समां बांधा: मेला स्थल पर मंगलवार की शाम झुंझुनू स्टोन क्रेशर एवं लीज होल्डर्स एसोसियेशन के सौजन्य से बालोदिया म्यूजिकल ग्रुप जयपुर तथा शेखावाटी सृजन संस्थान झुंझुनू के कलाकारों ने रोचक गीतों की प्रस्तुति से अच्छा समां बांधा। **विस्तृत समाचार इसी अंक में अलग से देखे।**

शेखावाटी मेले में अन्तर महाविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता सम्पन्न 22 जनवरी: ग्रामीण हॉट-आबूसर में चल रहे सात दिवसीय शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले में रामादेवी महिला महाविद्यालय-हरनाथपुरा (नूआं) की ओर से बुधवार की शाम अन्तर महाविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पांच कॉलेजों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला परिषद के ए.सी.ई.ओ. देवानन्द माथुर, मुख्य अतिथि थे जबकि समाजसेवी डॉ. दयाशंकर बावलिया ने अध्यक्षता की। आयोजक कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सम्पत शर्मा ने प्रारम्भ में स्वागत एवं आयोजकीय वक्तव्य दिया। इन प्रतियोगिताओं में झुंझुनू के डॉ. एल.के. शर्मा व पूनम शर्मा तथा बगड़ की डॉ. उमा शर्मा निर्णायक थी।

अलविदा शेखावाटी मेला-2009 -23 जनवरी: आबूसर स्थित ग्रामीण हाट परिसर में आयोजित सात दिवसीय शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेला-2009 का शुक्रवार की शाम रंगारंग समापन हुआ। जिला कलेक्टर टी. रविकान्त की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक हरिप्रसाद शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई और पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये।

जिला कलेक्टर ने अपने सम्बोधन में मेले के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं आदि के प्रायोजकों, प्रतिभागियों और सहयोगियों को एक-एक का नाम लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस मेले में पहली बार किसानों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र का आभार जताया साथ ही कृषकों से कहा कि वे खेती-बाड़ी की इन नवीन तकनीकियों का उपयोग जिले के कृषि विकास में भी करें।

पुलिस अधीक्षक हरिप्रसाद शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस मेले में ग्रामीण स्त्री-पुरूषों की भागीदारी विशेष उल्लेखनीय है। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में यह मेला जिले के आर्थिक, सामाजिक, हस्तशिल्प एवं पर्यटकीय विकास को बढ़ावा देने वाला एक मुख्य आयोजन बन सकेगा। समाजसेवी ओमप्रकाश आबूसरिया ने झुंझुनू शहर से मेला स्थल तक स्ट्रीट लाइटें लगवाने का आग्रह किया। प्रारम्भ में मेला संयोजक एवं जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक मनीराम ने मेले का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस मेले में 114 स्टालों के माध्यम से लगभग 30 लाख रूपये के सामान की बिक्री हुई है।

समापन समारोह में कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद, जिला खेल अधिकारी किशन सिंह, पर्यटन अधिकारी विवेक जोशी तथा उद्योग संघ-चिड़ावा के अध्यक्ष धर्मपाल जानू विशिष्ट अतिथि थे। मंच संचालन डॉ. एल.के. शर्मा तथा पी.टी.आई. सत्यवीर झाझड़िया ने किया। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किये। प्रारम्भ में अतिथियों के आगमन पर जी.बी. मोदी स्कूल व स्काउट गाइड की ओर से बैण्ड वादन कर अगवानी की गई। खादी ग्रामोद्योग के सहायक निदेशक विद्याधर सिंह ने अन्त में आभार ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से शनिवार को उनके सिविल लाईन्स स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट करते हुए केन्द्रीय खान मंत्री श्री शीशराम ओला

जिला सम्पादक संघ के चुनाव सम्पन्न

माई झु.न्यूज। जिला सम्पादक संघ की एक बैठक सूचना केन्द्र में आयोजित की गयी। जिसमें सम्पादक संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्रजीत सिंह ने की। बैठक में नई कार्यकारिणी में सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद पर हीरालाल स्वामी, सचिव श्रीकांत पारीक, उपाध्यक्ष कैलाश जांगिड़, संगठन एवं कार्यालय सचिव उमेश शर्मा तथा कोषाध्यक्ष अकराज कुरैशी को बनाया गया है। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्रजीत सिंह, उम्मेद अली खान,हीरालाल स्वामी,श्याम पोद्दार,सूरत प्रकाश पुरोहित,उमेश शर्मा,कैलाश जांगिड़,श्रीकांत पारीक,अकराज कुरैशी ने संबोधित किया। बैठक में प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने, सदस्यता अभियान शुरू करने तथा आगामी बैठक 23 फरवरी को दोपहर एक बजे सूचना केन्द्र में आयोजित करने के निर्णय हुए। इसके साथ ही सम्पादक श्री पुरूषोत्तम अश्रु के निधन पर शोक प्रकट किया गया तथा बांरा में पत्रकार पर गोली चलानेकी घटना पर रोष जताया गया। इस बैठक में जिले के सम्पादक शामिल थे।

डॉ. भागचन्द बधाल को विदाई

झुंझुनू, 5 जनवरी: राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं झुंझुनू के एस.डी.एम. डॉ. भागचन्द बधाल का स्थानान्तरण हो जाने पर सोमवार को यहां पटवार संघ व तहसील स्टाफ की ओर से विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के सी.ई.ओ. डॉ. गौतम मुखर्जी, ए.डी.एम. राजेन्द्र मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक अर्जुन सिंह, तहसीलदार रण सिंह, नायब तहसीलदार दीनदयाल बाकोलिया, पटवार संघ के अध्यक्ष मांगीलाल चौधरी व अन्य कार्मिकों ने डॉ. बधाल के कार्यकाल की उपलब्धियों को रेखांकित किया। डॉ. बधाल ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन पी.टी.आई. सतवीर झाझडिया ने किया।

अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण विश्वनाथ टीबड़ेवाल द्वारा

माई झुं. 26 जन.। अग्रसेन भवन झुंझुनूं में अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि भामाशाह विश्वनाथ टीबड़ा ने किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मोहन लाल तुलस्यान, कोषाध्यक्ष संजय नागलिया, नरोत्तमलाल जालान, केशर देव तुलस्यान, ताराचन्द गुप्ता, अशोक तुलस्यान, अनिल गुप्ता, नवरंगलाल राणासरिया अन्य अग्रबन्धु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

आस्था और विश्वास युवाओं को आगे बढाता है- प्रिया परिवार के चैयरमैन तेजपाल सिंह नूनियां

झुंझुनूं,1 जनवरी। प्रिया परिवार के चैयरमैन तेजपाल सिंह नूनियां ने कहा कि जीवन में आस्था और विश्वास ऐसे होते है कि युवाओं को विकास की बुलंदियों पर पहुचाते है। नववर्ष उत्साह के साथ मनाते हुए प्रिया परिवार के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए गुरूवार आरडीसी परिसर में नूनियां बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आस्था का आधार ही मनुष्य को अंदर से मजबूत बनाता है। कार्यक्रम में सर्व प्रथम सत्यप्रकाश बोला, कमला देवी गोदार, सज्जन पूनियां, अजय सैनी, अजित गढवाल, उमराव यादव, शलीम खान, माधवप्रसाद शर्मा, सावरमल कस्वां ने चैयरमैन नूनियां, अध्यक्षता कर रहे पूर्व कर्नल इन्द्राज, विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश आबूसरिया, सोमदन चारण, छतीसगढ के हेमन्त दुआ, दिनेश सूण्डा, आनन्द प्रकाश, सीए विजय चौधरी, गोविन्द शरण माहराज, साध्वी शीलशरण, का मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। कम्पनी निदेशक सुरेन्द्र सिंह नूनियां ने अपने सम्बोधन में बताया कि प्रिया परिवार को उद्देश्य कम्प्यूटर एज्यूकेशन का अभियान अब राजस्थान नहीं पूरे भारत में चलाया जायेगा। इस अवसर पर अच्छा कार्य करने वाले कम्पनी प्रतिनिधियों को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर शेखावटी के कवि हरिश हिन्दुस्तानी ने अपनी कविता रूठी हुई सुबह को मनाकर तो देखिये, अपनी हस्ती को प्रिया परिवार से जोड़कर तो देखिये के साथ ही हास्य रस की कविताऐं सुनाई। दिल्ली के कवि सोहनदान चारण ने एक बार पाछयो आ ज्या र गांधी महात्मा विषय पर कविता सुनाई। फतेहपुर से आये राकेश पटवारी एण्ड ग्रुप द्वारा नये वर्ष पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिनमें दो महिलाओं द्वारा जहां नृत्य पेश किये गये वहीं गायक पंकज शर्मा ने गीतो की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन महेश नूनियां ने किया।

आर पी सिंह का किया अभिनन्दन

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झु.न्यूज। आईजी आर पी सिंह का झुंझुनूं रोड़ नम्बर 3 स्थित एल 7 हाउस में हकीम मुमताज अली ने माल्यार्पण के साथ शाल ओढाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर हाजी मो. ईस्माइल, हाजी शब्बीर हुसैन, पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष तैयब अली, मो. इदरीश,हाजी तैयब खोखर, मिर्जा असलम बैग,अब्दुल मजीद सहित अन्यजन ने भी आई जी का माल्यार्पण के साथ स्वागत किया।

बाबा मस्तराम ब्रह्मलीन

माई झु.न्यूज। मोडा पहाड़ पर रहने वाले बाबा मस्तराम के ब्रह्मलीन हो जाने पर उनका अंतिम संस्कार वैष्णव परम्परा के अनुसार किया गया जिसमें चतुर्थ संप्रदाय के महंत दिनेशदास महाराज,लोहार्गल के शत्रुध्नदास महाराज, रामचन्द्रदास, घनश्यामदास महाराज, किरोड़ी के रामकुमार दास, रेलमगरा के संतदास महाराज, खंडेला के भोमदास महाराज, रामदास महाराज, बिहारीजी मंदिर के महंत प्रेमदास महाराज, अलवर के सुरेश गिरी,दीनानाथ महाराज, बगड़ के अर्जुनदास महाराज,आनंदगिरी महाराज, विचारनाथ महाराज,जोहरी बाबा, गंगादास बाबा, डॉ. दयाशंकर बावलिया, एडवोकेट सुशील जोशी,पवन पुजारी,ऋषि मोरवाल, देवन्द्र खत्री,विनोद बंका,महेश बसावतिया,चन्द्रभान खाजपूरिया,आनन्द पुजारी सहित अन्यजन उपस्थित थे।

राज्यपाल का अभिभाषण प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित

जयपुर, १० जनवरी। राज्य विधानसभा ने शनिवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस प्रस्ताव को विधायक डॉ. रघु शर्मा ने ६ जनवरी, २००९ को सदन में प्रस्तुत किया था।

जी.बी. मोदी में गणतंत्र दिवस

माई झुं. 26 जन.। राजपूताना शिक्षा मण्डल मुम्बई द्वारा संचालित जी.बी. मोदी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिसकी मुख्य अतिथि कर्नल ए.के. राठौड़, कार्यक्रम अध्यक्ष स्कूल सचिव एडवोकेट बी.के. अग्रवाल, स्कूल प्राचार्य एस.एस. कुकरेती, शिक्षा अधिकारी आर.पी. सिंह एवं उपप्रधानाचार्य श्रीमती मंजू खण्डेलवाल ने ध्वजारोहण किया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन संतोष कोटियाल ने किया। समारोह के समापन पर बच्चों को मिठाईयां वितरित की गई।

पानी अमूल्य है पानी बचत के बारे में पूर्ण जानकारी इन्टरनेट पर है।
-डॉ. रामचन्द्र अणगासरिया
www.myjhunjhunu.com/water

माई झुंझुनूं डॉट कॉम समाचार पत्र नेट पर देखें
www.myjhunjhunu.com/newspaper
1. मासिक समाचार पत्र का रंगीन संस्करण नेट पर उपलब्ध है।
2. आप अब तक के 18 तथा चालू माह सहित 19 अंक नेट पर देख सकते हैं।
3. मुद्रित समाचार पत्र के आपके पास पहुंचने से पहले ही वैब पर उपलब्धता
4. वांछित अंक को आप Save करके बाद में भी देख सकते हैं।
THINK JHUNJHUNU THINK MY JHUNJHUNU